# सेंट एंड्र्यूज़ स्कॉट्स स्कूल

**एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२६-२०२७**

| कक्षा:पाँचवीं | विषय: हिंदी | पाठ ७ रद्दी वाला लड़का |
|---|---|---|

**प्रस्तुत पाठ में से कोई १० कठिन शब्द चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।**

**प्र०/उ०**

**उ०१-माइकेल फैराडे चुंबक से बिजली का आविष्कार करने वाले महान वैज्ञानिक थे।**

**उ०२-माइकेल घर का खर्च रद्दी अखबार खरीद कर और पुस्तकों पर बाइंडिंग का काम करके चलाते थे।**

**उ०३-माइकेल को बाइंडिंग का काम मिलने पर इस बात की खुशी हुई कि अब वह खूब सारी पुस्तकें पढ़ सकेंगे।**

**उ०४-माइकेल की जिंदगी उस समय बदल गई जब एक बुकसेलर की दुकान पर एक ग्राहक अपनी पुस्तक लेने गया, वह जानता था कि माइकेल को विज्ञान में बहुत रूचि है।उसने माइकेल को बताया कि लंदन में विज्ञान की एक प्रसिद्ध संस्था है रॉयल इंस्टीट्यूट, वहां के जाने-माने वैज्ञानिक सर हम्फ्री डेवी भाषण देने आ रहे हैं। उसने माइकेल को भाषण सुनने के टिकट भी दिए भाषण सुनते समय उसने नोट्स बनाए और उन्हें बाइंडिंग करके पुस्तक बनाई और एक पत्र में उसने नौकरी देने की प्रार्थना लिखकर उसे हम्फ्री डेवी को भेज दिया।**

**उ०५-माइकेल ने चुंबक से बिजली बनाने का आविष्कार किया।**

**रिक्त स्थान**

**१-चुंबक से बिजली का <u>आविष्कार</u> करने वाले महान वैज्ञानिक माइकल फराडे थे।**

**२-उनका जन्म 22 सितंबर 1791 को इंग्लैंड के <u>न्यूइंगटन</u> गाँव में हुआ था।**

**३-उसने पुरानी बोतलों और तार से बिजली का एक छोटा सा <u>जनरेटर</u> बना लिया।**

**४-हमारे घर- आँगन को जगमगाने वाली और हजारों <u>उपकरणों</u> को चलाने वाली बिजली माइकेल फैराडे की ही देन है।**

**५-महारानी <u>विक्टोरिया</u> ने उन्हें एक मकान भेंट में दिया।**

**नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर उन्हें वाक्य में प्रयोग कीजिए।**

**१-अवकाश**

**२ लगन**

**३-व्यवहार**

**४-मौन**